epaper हिन्दुस्तान

योगी सरकार अगले दो वर्ष में इन्वेस्टर्स समिट कराएगी, 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य

यूपी में विकास की समय सीमा तय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कैबिनेट के सामने विभिन्न विभागों की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा।

16/04/2022

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल में यूपी के विकास के लिए समयसीमा तय कर दी है। अब योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराएगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए अधिकारियों को दस लाख करोड़ रुपये के निवेश लाने का लक्ष्य दिया है। साथ ही डिजिशक्ति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अगले पांच सालों में दो करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति से लैस करना है। इसके लिए बिना भेदभाव हर छात्र-छात्रा को टैबलेट-स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कैबिनेट के समक्ष रखे गए औद्योगिक विकास, लोक निर्माण, ऊर्जा समेत कई विभागों की योजनाओं के प्रस्तुतीकरण के मौके पर यह बात कही। उन्होंने पिछली यूपी इन्वेस्टर समिट की याद दिलाते हुए कहा कि उस वक्त 4.68 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव हमें मिले थे। इनमें से तीन लाख करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव साकार हो रहे हैं। अगले दो वर्ष के भीतर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होगी। यह ग्लोबल इन्वेस्टर समिट नए यूपी की आकांक्षाओं को उड़ान देने वाली होगी।

ईज आफ डूइंग बिजनेस में पहली रैंकिंग पर जोर :सीएम ने ईज आफ डूइंग बिजनेस में पहली रैंकिंग पर जोर देते हुए कहा कि अब टीम यूपी इसी पर काम करेगी। प्रदेश के निर्यात को दो लाख करोड़ तक ले जाने के लिए टीम यूपी को नियोजित रूप से कार्य करना होगा। इलेक्ट्रिक वाहन नीति, वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक नीति तथा डिफेंस एवं एयरोस्पेस नीति को अपडेट किया जाए। स्टार्टअप नीति, इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति, डाटा सेंटर नीति में सुधार किया जाए। सौर ऊर्जा से पावरलूम संचालित करने के सम्बंध में नई नीति तैयार की जानी चाहिए। विदेशों में रोज़गार की तलाश करने वालों के अक्सर ठगे/छले जाने की खबरें मिलती हैं। उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम (यूपीएफसी) को विदेशों में रोजगार के लिए राज्य भर्ती एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

5 करोड़ रोजगार के लिए बड़ी पहल: सीएम ने कहा कि आगामी पांच वर्ष में बैंकों के सहयोग से क्षेत्र की वार्षिक क्रेडिट को पांच लाख करोड़ तक पहुंचाने का प्रयास हो। इससे पांच करोड़ रोजगार सृजित होंगे। वृहद ऋण मेले का आयोजन किया जाए।

अयोध्या में हाईड्रोजन लाइट से दमकेगा राम मंदिर

02 लाख करोड़ तक निर्यात ले जाने का लक्ष्य

02 करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति देंगे

सीएम के खास निर्देश

- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट , जेवर का संचालन सितंबर 2024 तक शुरू कराएं
- गोरखपुर में गारमेंट और प्लास्टिक पार्क को अगले दो वर्ष में शुरू करने की तैयारी हो
- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के मुख्य कैरेज-वे का शुभारंभ यथाशीघ्र करने की तैयारी करें
- बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए एनएचएआई के साथ एमओयू की प्रक्रिया जल्द पूरी करें ?
- यीडा के मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाए
- सभी 3.6 करोड़ राशनकार्ड का विवरण और माध्यमिक शिक्षा के अंकपत्र डिजी लाकर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो
- ग्राम पंचायतों को इण्टरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा 2024 तक मिल जाए

100 दिन में यह काम करें

- अटल औद्योगिक अवस्थापना मिशन की शुरुआत करने की तैयारी करें।
- तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाए।
- राज्य की नई औद्योगिक नीति तैयार की जाए।